## कार्यपत्र-10

**1. सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) 'तुम्हें <u>कौन</u> बुला रहा है?' – वाक्य में रेखांकित पद का सर्वनाम भेद बताइए। (ii) प्रश्नवाचक सर्वनाम ✓

(ख) इनमें से किस वाक्य में निजवाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है? (iii) मैं अपने आप चला जाऊँगा। ✓

(ग) इनमें सर्वनाम का भेद नहीं है– (iv) गुणवाचक ✓

(घ) बोलने वाला या लिखने वाला अपने लिए किस सर्वनाम का प्रयोग करता है? (i) उत्तम पुरुषवाचक ✓

(ङ) इनमें संबंधवाचक सर्वनाम किस वाक्य में प्रयुक्त हुआ है? (iv) जैसा करोगे वैसा भरोगे। ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) सर्वनाम के छह भेद हैं– पुरुषवाचक सर्वनाम, निश्चयवाचक सर्वनाम, अनिश्चयवाचक सर्वनाम, प्रश्नवाचक सर्वनाम, संबंधवाचक सर्वनाम, निजवाचक सर्वनाम।

(ख) जो सर्वनाम कहने वाले, सुनने वाले या जिसके विषय में कहा जाए उनका बोध कराते हैं, उन्हें पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं। पुरुषवाचक सर्वनाम के तीन भेद हैं– उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम, मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम, अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम।

(ग) जिन सर्वनामों से निकट या दूर के व्यक्तियों या वस्तुओं का निश्चयात्मक बोध होता है, उन्हें निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे– यह, वह, यही, वही, इसी, उसी, उन्हीं आदि।

जिन सर्वनामों से किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान का कोई निश्चित बोध नहीं होता है, वे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे– कोई, कुछ, किसी आदि।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम का भेद पहचानिए और लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) <u>वह</u> आज नहीं आएगा। | अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम |
| (ख) वहाँ पर मदद के लिए <u>कोई</u> नहीं आया। | अनिश्चयवाचक सर्वनाम |
| (ग) <u>उसे</u> यहाँ से जाने को कहो। | अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम |
| (घ) <u>आपको</u> <u>किससे</u> मिलना है? | मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम, प्रश्नवाचक सर्वनाम |
| (ङ) गिलास <u>किसने</u> तोड़ा है? | प्रश्नवाचक सर्वनाम |

**4. निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) उसके आने का समय हो गया है। | उसके |
| (ख) तुम कल उससे मिलने जा सकते हो। | तुम, उससे |
| (ग) तुझसे मिलने कोई आया है। | तुझसे |
| (घ) वे किसे ढूँढ़ रहे हैं? | वे, किसे |
| (ङ) इनका सामान रेलगाड़ी में छूट गया। | इनका |

**5. निम्नलिखित सर्वनाम शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | मेरा | हमारा | (ख) | किसे | किन्हें |
| (ग) | इसने | इनसे | (घ) | वह | वे |
| (ङ) | जिसका | जिनका | (च) | किसका | किनका |
| (छ) | मैं | हम | (ज) | उससे | उनसे |